>

Title: Need to give approval to the Right Coast Canal of Waragi Dam in Madhya Pradesh in the current financial year.

**श्री गणेश सिंह (सतना):** सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से भारत सरकार का ध्यान एक बहुत महत्वपूर्ण विषय की ओर आकृष्ट कराना चाहता हूँ। भारत सरकार ने महामहिम राष्ट्रपति जी के अभिभाषण में सिंचाई की सृजित क्षमता और प्रयुक्त क्षमता के बीच करीब 10 मिलियन हैक्टेयर के अंतर को कम करने के उपायों का उल्लेख किया था। इसी के अनुरूप वित्त मंत्री जी ने सिंचाई क्षमता बढ़ाने का प्रावधान भी बजट में किया है किन्तु देश के अंदर कई ऐसी सिंचाई परियोजनाएँ अर्थाभाव के कारण या तो अधूरी पड़ी हैं या बहुत धीमी गति से निर्माणाधीन हैं। उदाहरण के लिए मध्य प्रदेश के जबलपुर ज़िले में बरगी बांध बना हुआ है। उसकी दाईं तट नहर से जबलपुर, कटनी, सतना तथा रीवा जिले की 2,45,010 हैक्टेयर ज़मीन की सिंचाई प्रस्तावित है। इससे इन ज़िलों की 81,53,684 जनसंख्या लाभान्वित होगी। उक्त परियोजना को राष्ट्रीय परियोजना में शामिल करने हेतु राज्य सरकार ने मार्च 2010 में सभी मानदंडों को पूरा करके केन्द्र सरकार के पास 3796 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता हेतु भेजा है। मैं लगातार लोक सभा में इस लोकहित के मामले को उठाते हुए उक्त परियोजना को राष्ट्रीय परियोजना में शामिल करने की मांग करता रहा हूँ। माननीय वित्त मंत्री जी ने 17 मार्च 2011 को एक पत्र के माध्यम से मुझे जानकारी दी है कि उक्त परियोजना को व्यय वित्तीय समिति ईएफसी के अनुमोदन हेतु भेजा गया है लेकिन अभी तक क्या कार्रवाई हुई है, यह मैं जानना चाहता हूँ।

महोदय, मेरी मांग है कि बरगी बांध की दाईं तट नहर को राष्ट्रीय परियोजनाओं में शामिल किया जाए, मध्य प्रदेश के अंदर महाकौशल एवं विन्ध्य क्षेत्रों की जीवनदायिनी योजना, बरगी बांध की दाईं तट नहर परियोजना को राष्ट्रीय परियोजना में शामिल करने के लिए लगातार मैं मंत्री जी को व्यक्तिगत रूप से मिलता रहा हूँ, मंत्रालय में भी मैंने संपर्क किया है, लेकिन दुर्भाग्य है कि अभी तक उसका वित्त पोषण नहीं किया गया।

मैं पुनः आपके माध्यम से भारत सरकार से मांग करता हूँ कि उक्त परियोजना को राष्ट्रीय परियोजना में शामिल कर उस क्षेत्र के लोगों के साथ न्याय करने का काम करें।